संघ लोक सेवा आयोग
मुख्य परीक्षा-2019
(सामान्य अध्ययन-II)
मॉडल पेपर-1

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 250**

1. हाल ही में चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई इलेक्ट्रॉनिक रूप से संप्रेषित मतदान प्रणाली (ETPBS) तथा प्रॉक्सी वोटिंग की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए इसके महत्त्व को बताएँ। **(150 शब्द) 10**
2. 'आरक्षण की व्यवस्था' के परंपरागत स्वरूप को खत्म कर 'आर्थिक आरक्षण' देने की मांग किस हद तक उचित प्रतीत होती है? हालिया आंदोलनों के संदर्भ में कथन की चर्चा करें। **(150 शब्द) 10**
3. टिप्पणी कीजिये कि क्या "फर्स्ट पास्ट द पोस्ट सिस्टम" पर फिर से विचार किये जाने और इसे आनुपातिक प्रतिनिधित्व या मिश्रित प्रणाली से प्रतिस्थापित किये जाने की आवश्यकता है। **(150 शब्द) 10**
4. आप यह क्यों सोचते हैं कि समितियाँ संसदीय कार्यों के लिये उपयोगी मानी जाती हैं? इस संदर्भ में लोकलेखा समिति की भूमिका की विवेचना कीजिये। **(150 शब्द) 10**
5. 73वाँ संशोधन अधिनियम देश में आधारभूत लोकतांत्रिक संस्थाओं के क्रमिक विकास का एक महत्त्वपूर्ण परिचायक है, जिसमें प्रतिनिधि लोकतंत्र को एक सहभागी लोकतंत्र में रूपांतरित करने की क्षमता है। परीक्षण कीजिये। **(150 शब्द) 10**
6. राष्ट्रीय हरित अधिकरण की संरचना और कार्यों की व्याख्या कीजिये। यह अधिकरण किस प्रकार विकासात्मक गतिविधियों और पर्यावरणीय चिंताओं के मध्य संतुलन स्थापित करता है? **(150 शब्द) 10**
7. 'तेजस्विनी कार्यक्रम' के मुख्य अभिलक्षणों पर प्रकाश डालें तथा भारत में किशोरियों एवं युवा महिलाओं के सशक्तीकरण में इसकी भूमिका की विवेचना करें। **(150 शब्द) 10**
8. डेटा निगरानी से आप क्या समझते हैं? "केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में डेटा निगरानी पर लिया गया निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निजता के अधिकार वाले फैसले को चुनौती देता है।" कथन का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये। **(150 शब्द) 10**
9. इज़राइल और फिलिस्तीन के संदर्भ में भारत द्वारा 'परंपरागत सामान्य नीति से हटकर दोनों के संदर्भ में पृथक् नीति' (De-hyphenated policy) अपनाने में भारत के समक्ष कौन-कौन सी चुनौतियाँ और संभावनाएँ हैं? हालिया द्विपक्षीय यात्राओं के आलोक में विश्लेषण कीजिये। **(150 शब्द) 10**
10. स्वतंत्र थिंकटैंक 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रैटेजिक स्टडीज़' (आईआईएसएस) द्वारा आयोजित 17वीं शांगरी-ला वार्ता के महत्त्वपूर्ण पहलुओं को उद्घृत कीजिये। **(150 शब्द) 10**
11. 'प्रसादपर्यन्त का सिद्धांत' सिविल सेवकों के मामले में निरंकुश और अप्रतिबंधित नहीं है। संविधान उन्हें अपने कर्त्तव्यों को पूरा करने के क्रम में निष्पक्ष काम सुनिश्चित करने के लिये कुछ सुरक्षा के उपाय प्रदान करता है। विश्लेषण कीजिये। **(250 शब्द) 15**
12. भारत में न्यायाधिकरणों को बाधित करने वाले मद्दे क्या हैं? परीक्षण कीजिये कि क्या राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग (NTC) जैसा एक स्वतंत्र और स्वायत्त निकाय इन मुद्दों का निवारण करने में सहायता कर सकता है? **(250 शब्द) 15**
13. भारत-चीन संबंधों को बेहतर बनाने में अफगानिस्तान एक महत्त्वपूर्ण कड़ी सिद्ध हो सकता है। वर्तमान के घटनाक्रमों के आलोक में अपनी बात को स्पष्ट करें। **(250 शब्द) 15**
14. भौगोलिक रूप से दक्षिण चीन सागर में अवस्थित न होने के बावजूद भारत शक्ति-संतुलन में एक अहम शक्ति के रूप में पहचान बनाने के उद्देश्य से दक्षिण चीन सागर में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है क्योंकि भारत हिंद महासागर में चीन की उपस्थिति को अवरुद्ध नहीं कर सकता, परंतु चीन के समीप दक्षिण चीन सागर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर उसे जवाब दे सकता है। टिप्पणी कीजिये। **(250 शब्द) 15**
15. स्थानीय स्व-शासन के संस्थानों की सफलता मुख्य रूप से राज्य सरकारों की प्रवृत्ति पर निर्भर करती है। संवैधानिक प्रावधानों और भारत में इन संस्थानों के कामकाज संबंधी हालिया अनुभव के संदर्भ में चर्चा कीजिये। **(250 शब्द) 15**
16. वित्त आयोग की भूमिका और कार्यों की व्याख्या कीजिये। इन संदर्भ में 15वें वित्त आयोग हेतु विचारार्थ प्रमुख विषयों की भी पहचान कीजिये और क्या ऐसे विवादित मुद्दे भी हैं जिनके लिये स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। **(250 शब्द) 15**
17. अनुच्छेद-35ए के खंडन एवं अनुच्छेद-370 को रद्द करने से जहाँ जम्मू कश्मीर के संवैधानिक एकीकरण को मज़बूती मिली, वहीं भारत के लोकतांत्रिक आधार का आयाम भी काफी विस्तृत हुआ है। परीक्षण कीजिये। **(250 शब्द) 15**
18. 'सार्वजनिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर हमला न केवल पारदर्शिता और निष्पक्षता पर हमला है, बल्कि इससे देश की लोकतांत्रिक प्रणाली भी कमज़ोर होती है। इस कथन के आलोक में अपनी राय दीजिये। **(250 शब्द) 15**
19. नक्सलवाद की समस्या से निपटने के लिये सरकार की हालिया पहलों की चर्चा कीजिये। संविधान की पाँचवी अनुसूची और पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (Backward Region Grant Fund) नक्सलवाद को खत्म करने में किस प्रकार सहायक है? चर्चा कीजिये। **(250 शब्द) 15**
20. 'विश्व स्मृति रजिस्टर पर एक संक्षिप्त टिप्पणी दें। इस संदर्भ में भारतीय दस्तावेज़ों की चर्चा कीजिये। **(250 शब्द) 15**